तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 अक्टूबर 2024


12 मां भगवती विभिन्न रूपों में प्रकट होकर पापियों का नाश करती हैं


11 जंगलीभेजा स्थित मंदिर में पंचमी पर माता का किया विशेष श्रृंगार



# संकरे व जर्जर पुल से प्रतिदिन गुजर रहे सैकड़ों वाहन, उठा रहे जोखिम


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम हीरापुर को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली तांदुला एनीकट पर लोग जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं।

तांदुला नदी पर बने इस वर्षों पुराने पुल में बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं, जर्जर पुल की चौड़ाई कम होने व सुरक्षा के लिए पुल के दोनों तरफ घेरा भी नहीं होने से दोपहिया वाहन चालक व पैदल चलने वालों को जान जोखिम में डालकर इस पुल को पार करना पड़ता है। सबसे बड़ी बात यह है कि अधिकांश बड़े वाहन चालक शॉर्टकट के चक्कर में इसी एनीकट का इस्तेमाल करते हैं, जबकि यह उनके लायक है ही नहीं। इस पुल के ऊपर से साइकिल, बाइक तथा पैदल चलने वालों से लेकर चार पहिया कार, पिकअप, ट्रैक्टर तो वहीं कभी-कभी स्कूल बसें जिसमें स्कूली बच्चे बैठे हुए रहते हैं, ये वाहन भी यहां से गुजरते हैं, ऐसे में कभी भी बड़ी घटना होने की आशंका बनी रहती है।

### हीरापुर को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले तांदुला एनीकट पर दुर्घटना की आशंका





### 15 सालों पहले हुआ था निर्माण

जानकारी के अनुसार करीब 15 साल पहले जब तांदुला ओवरफ्लो होता था, तो ग्राम हीरापुर के साथ दर्जनों गांव का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट जाता था, ऐसे में हीरापुर से शहर के पाण्डेपारा मुक्तिधाम के पास पैदल चलने व छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए इस पुल का निर्माण किया गया था। चौड़ाई बहुत कम होने के कारण दो अलग-अलग चारपहिया वाहन इस पुल पर एक साथ नहीं गुजर सकते। वहीं, बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण और बेरीगेट नहीं होने के कारण लोगों का नदी में गिरने का भी खतरा बना रहता है। कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है, लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं, राहगीर भी लापरवाही बरतने से बाज नहीं आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### मरकाटोला में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**गुरूर।** ग्राम मरकाटोला में 8 अक्टूबर को कंकालिन मंदिर देव दशहरा के अवसर पर भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति अध्यक्ष लोचन नेहरु ने बताया कि रात्रि 8 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा एवं भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी करेंगी, अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष गुरुर प्रभात धुवे करेंगे। उपाध्यक्ष अजय नेताम ने बताया कि सामूहिक नृत्य मे प्रथम पुरस्कार 8000 रुपये, द्वितीय 6000, तृतीय 4000 रूपए प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5000 रुपये, द्वितीय 3000, तृतीय 2000 रूपए तथा एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3000, द्वितीय 2000 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 1500 रुपये रखा गया है।

### ड्यूटी जाने के दौरान बीएसपी कर्मी घायल



**भिलाई।** आज तड़के प्रथम पाली मे ड्यूटी आने की जल्दी में चरोदा निवासी रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल के कर्मी हेमंत महोबिया खूर्सिपार चौक के पास एक ट्रक की चपेट मे आने से घायल हो गये। ट्रक की ठोकर से उनकी कार पलट कर ट्रक के सामने आ गयी और पूरी तरह से पिचक गयी है। वे लोगों की मदद से अपनी क्षतिग्रस्त कार को लेकर ड्यूटी पंहुचे और बायोमेट्रिक मे हाजरी लगवाई। यूनियन के लोगों ने दुर्घटना को बीएसपी में लगे फेस रीडिंग बायोमेट्रिक का साइड इफेक्ट बताया।

### लूट का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** लूट की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि बलौदाबाजार निवासी धर्मेंद्र भारतद्वाज की बाइक को रामसागर पारा उरला भिलाई-3 निवासी मनोज कुमार कुर्रे ने बाइक को रोका पीड़ित के साथ मारपीट कर बाइक व मोबाइल लूटकर फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार कुर्रे को गिरफ्तार कर लिया है।

### काम में लापरवाही : दो पुलिस कर्मी लाइन अटैच

**भिलाई।** विभागीय कार्यों में लापरवाही के बाद दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने भिलाई तीन थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक रविन्द्र भारती और आरक्षक महेश बंछोर को लाइन अटैच किया है। दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि यह कार्रवाई सीएसपी हरिश पाटिल और थाना प्रभारी महेश ध्रुव की शिकायत पर की गई है। दोनों ही अफसर के द्वारा आरक्षक व प्रधान आरक्षक के कार्य स्थल पर विभागीय कार्यों को लेकर रुचि नहीं दिखाने, लगातार की जा रही लापरवाही के बाद कार्रवाई की गई। अफसरों की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए एसपी ने शनिवार की शाम को आदेश जारी किया है।

### परेशानी : कटाई से पहले बर्बाद हो रही फसल

# फसल पकने से पहले कीड़ों व चूहों का हमला, बढ़ी किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले में किसान धान की फसल को लेकर बहुत ज्यादा चिंतित व परेशान नजर आ रहे हैं, क्योंकि धान की फसलों पर कीड़े मकोड़ों के साथ ही चूहों का प्रकोप देखने को मिल रहा है, जो धान की फसलों को काट कर नुकसान पहुंचा रहे हैं।

किसानों को वर्तमान में तनाछेदक, उकसा, कटवा के अलावा चूहों की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण किसान बहुत ज्यादा परेशान और चिंतित नजर आ रहे हैं। धान की फसलों में अनेक बीमारियों का प्रकोप देखने को मिल रहा है, जिसके प्रकोप को कीटनाशक दवाईयो का छिड़काव कर बचाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन, अब चूहों ने नई परेशानी उत्पन्न कर दी है। चूहे खेतों के अंदर में जाकर धान के पौधों को काटकर बर्बाद कर रहे हैं, जो किसानों के लिए बड़ी समस्या है। क्योंकि चूहे खेत के मेड़ में नहीं, बल्कि खेत के बीचों बीच घुसकर धान को काट कर नुकसान पहुंचा रहे हैं, जो एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

वहीं, दूसरी बड़ी समस्या करगा धान है, जो एक प्रकार का खरपतवार है, जिसके कारण किसान इस वर्ष बहुत ही ज्यादा परेशान हैं। निंदाई का काम पूर्ण होने के बाद अब करगा निकाला जा रहा है, जो किसानों के लिए चुनौती साबित हो रहा है। कुछ किसान अब करगा खरपतवार को खेत से बाहर निकालते थक चुके हैं और खेतों के बीच ही इकट्ठा कर ढ़ेरी बनाने को मजबूर हैं तथा कुछ लोग निदाई का मजदूरी देकर परेशान हैं।

### चूहों ने बर्बाद कर दी फसल

ग्राम नारागाँव किसान टीकाराम साहू ने बताया कि तीन खेतों में चूहों का प्रकोप बहुत ज्यादा था, जिसके लिए तीन प्रकार कि दवाईयों का उपयोग किया गया, तब राहत मिली है। लेकिन चूहों ने तीन खेतों को काट कर बर्बाद कर दिया है।

### करगा की निदाई में खर्च हो गए 20 हजार

किसान मनोहर साहू ने बताया कि साढ़े तीन एकड़ में धान कि खेती की गई है, लेकिन पूरे खेत में करगा धान बहुत ही ज्यादा है। दो एकड़ के करगा निदाई में अब तक लगभग 20 हजार रूपये खर्च हो गया है। लेकिन अब डेढ़ एकड़ खेत की निदाई नहीं कराना चाहता, क्योंकि मजदूरी देनी पड़ेगा, जबकि धान का उत्पादन कम होगा।

# लोकल टमाटर की आवक बंद, 80-90 रुपए किलो बिक रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बीते दिनों बारिश से फसल खराब होने के कारण अंचल में लोकल टमाटर की आवक कम हो गई है, इसलिए इन दिनों कीमत भी बढ़ गई है। वहीं, बाहर से टमाटर आने के कारण उसकी कीमत ज्यादा हो गई है। वर्तमान में टमाटर 80 से 90 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। सब्जी के थोक विक्रेताओं ने बताया कि बीते दिनों हुई बारिश से टमाटर की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है, जिसके कारण रेट बढ़ा हुआ है। हालांकि इस माह के अंत में टमाटर की लोकल फसल आने की संभावना है। लेकिन, नई लोकल फसल आने से पहले बाहर से मंगाए जा रहे टमाटर के कारण कीमत बहुत बढ़ गई है। हालांकि थोक में कीमत 55 से 60 रूपए है, लेकिन चिल्हर काराबोरी जमकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं, जिसके कारण ज्यादातर सब्जी बाजारों में 80 से 100 रुपए में बेचा जा रहा है। ऐसा ही धनिया के साथ हो रहा है।

### सांसद भोजराज ने मां शीतला दर्शन का लिया लाभ




**गुरूर।** सांसद भोजराज नाग रविवार को एक दिवसीय प्रवास पर नगर में पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने नगर के शीतला मंदिर में पहुंच माता रानी से आशीर्वाद लिया एवं क्षेत्रवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, पन्ना लाल साहू, शीतला मंदिर का बैगा एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जिले में शुरू हुआ साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्यव्यापी साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान 5 से 19 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इसके तहत 5 अक्टूबर से जनजागरुकता के लिए विविध कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में ऑनलाईन साईबर फ्राड होने पर नेशनल साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 व रिपोर्टिंग पोर्टल वेबसाइट पर सेल्फ कंप्लेंट्स दर्ज करने व एक्स पर साइबर दोस्त को फालो करने संबंध में जानकारी दी जा रही है।

एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से कोई भी आम नागरिक साइबर वालंटियर्स बनकर साइबर क्राइम के प्रति लोगो को जागरूक करने एवं अपराधियों को पकड़ने तथा अपराध को नियंत्रण करने में अहम भूमिका निभा सकता है। जिला के सभी थाना, चौकी द्वारा अपने क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थान, चौक चौराहों, वर्कशॉप, स्कूल, कॉलेजों में साइबर क्राइम के प्रति लोगों को पाम्पलेट वितरण कर बैनर पोस्टर के जरिये प्रचार–प्रसार कर जागरूक किया जा रहा है। साइबर क्राईम एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में आनलाईन फाड, सोशल मीडिया एप्स साइट का उचित उपयोग, डिजिटल अरेस्ट, व्हाट्सएप फेसबुक मैसेंजर के जरिए अश्लील वीडियो कॉल कर ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग, ऑनलाईन फाड, एटीएम का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर, ओटीपी, शेयर नहीं करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने जैसे साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

- लोगों को आनलाइन ठगी से बचाने किया जा रहा जागरूक

बच्चों को मोबाइल एडिक्शन (लत) ऑनलाईन गेम, सोशल एप्स का अत्यधिक उपयोग करने से जो साइकोलॉजिकल तौर पर दुष्प्रभाव होते हैं जिनके कारण बच्चों की जान तक चली जाती है ऐसे मोबाइल मोह से दूर रहने अपील कर जानकारी दी गई, साथ ही बच्चों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारें में जानकारी देकर नशा नही करने की अपील की गई।

### अब तक इन स्कूलों में चलाया गया अभियान

अभियान के प्रथम दिवस पर जिला मुख्यालय बालोद के थाना बालोद एवं सायबर सेल द्वारा शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बालोद, शासकीय घनश्याम सिंह महाविद्यालय बालोद, जिला ग्रंथालय बालोद, थाना गुरूर, शासकीय महाविद्यालय गुरूर, दुर्गा पण्डाल, चौकी कंवर, ग्राम सभा स्थल, थाना पुरूर स्कुल ग्राम ओनाकोना, चन्दनबिरह, थाना सनौद, शासकीय आत्मानंद विद्यालय में शिविर लगाकर जानकारी दी गई। इसी तरह थाना गुण्डरदेही हायर सेकेन्डरी स्कूल, थाना रनचिरई रनचिरई, परसाही, थाना सुरेगांव शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, थाना–देवरी नांहदा, चौकी पिनकापार, फुलसुंदरी, खामतराई, थाना डौण्डी लोहारा बाजार चौक बड़गांव, चौकी संजारी–हाई स्कूल संजारी, खेरथा बाजार शास. महाविद्यालय, थाना मंगचुवा–ग्राम सभा मंगचुवा, थाना दल्लीराजहरा बीएसपी माइन्स राजहरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही थाना महामाया ग्राम सभा स्थल कोटागांव, थाना डौण्डी अंतर्गत हाई स्कूल डौण्डी, सल्हाइटोला, बेलरगोंद ग्राम सभा व सार्वजनिक स्थान, चौक चौराहों, वर्कशॉप, स्कूल कॉलेजों में साइबर क्राइम के प्रति पाम्पलेट वितरण कर बैनर पोस्टर के जरिये प्रचार–प्रसार कर जागरूक किया गया। वहीं, जिला ग्रन्थालय बालोद, शासकीय घनश्याम सिंह महाविद्यालय बालोद एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बालोद में छात्र, छात्राओं एवं स्टाफ को प्रोजेक्टर के माध्यम से साइबर ठगी के संबंध में अपराध को कार्टून फिल्म व स्लाइड के जरिये दिखाकर जागरूक किया गया।

### आयुर्वेद औषधालय बिरेतरा की ओर से किया गया आयोजन

# बिरेतरा में चिकित्सकों ने जांची ग्रामीणों की सेहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम बिरेतरा में शासकीय आयुर्वेद औषधालय बिरेतरा के आयुर्वेद चिकित्सा दल द्वारा निःशुल्क मासिक स्वास्थ्य शिविर एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन आयुष विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार तथा जिला आयुष अधिकारी बालोद के मार्गदर्शन में आयुष ग्राम योजना अंतर्गत किया गया।



इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री राकेश यादव, ग्राम पंचायत बिरेतरा सरपंच दुर्गा शोरी, ग्राम प्रमुख चुनु राम साहू, अरुण साहू, सुखित यादव, अजय साहू ने शिविर का उद्घाटन किया। शिविर प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय चंद्रवंशी, आयुर्वेद फार्मासिस्ट दुलार दास, पीटीएस. चंदू यादव और पोखन लाल का सहयोग रहा। उक्त शिविर में कुल 87 लोगों की जांच की गई। उनमें 87 की ब्लड प्रेशर जांच एवं 56 रोगियों की मधुमेह जांच एवं 39 रोगियों का रक्त परीक्षण किया गया। लक्षण पाए जाने पर रोग अनुसार औषधि वितरण एवं आहार–विहार की जानकारी दी गई। सभी को आयुर्वेद काढ़ा पिलाया गया।

### संक्रामक रोगों से बचाव के लिए दी गई जानकारी

शिविर में उपस्थित ग्रामीणजनों को संक्रामक रोगों से बचाव के बारे में तथा दिनचर्या एवं ऋतुचर्या पालन के संबंध में जानकारी दी गई। स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले औषधीय पौधे जैसे वासा, नीम, तुलसी, गिलोय, अर्जुन, अदरक के औषधीय प्रयोग के संबंध में बताया गया। इसके साथ ही ग्राम के किसानों को औषधीय पौधों की कृषि करने का सुझाव देते हुए आर्थिक लाभ की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को औषधीय पौधा वितरित किया गया।

### धमकी देकर 5 लाख की डिमांड, तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** अश्लील फोटो और वीडियों को वायरल करने की धमकी देकर रुपए का डिमांड करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 308 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि महावीर कालोनी दुर्ग निवासी रोशन जैन ने शिकायत किया है कि भतीजी के मोबाइल पर पांच लाख रुपए का डिमांड का मैसेज कर अश्लील फोटो और वीडियों वायरल करने की धमकी दिया गया। शिकायत के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए आरोपी के मोबाइल नंबर का सीडीआर और कैफे प्राप्त किया गया। जिसमें सिम विक्रेता शुभम निर्मलकर एयरटेल रिटेलर का होने की जानकारी मिली।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# केवाईसी में दिक्कत, तीन माह से पेंशन नहीं, खाने-पीने में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के गरीब, अशक्त, असहाय और दिव्यांग पेंशनरों को तीन माह से पेंशन नहीं मिली है। हर महीने पेंशन मिलने की आस में वे वार्ड में लगने वाले शिविर में अपना बैंक खाता लेकर उम्मीद के साथ जाते हैं कि उनके खाते में पेंशन की राशि आई होगी, पर बैंक के अधिकारी उन्हें ये कहकर बैरंग लौटा रहे कि उन्होंने केवाईसी नहीं कराई।

कुछ पेंशनर ऐसे भी हैं, जिनके हाथों की रेखाएं घिस जाने से फिंगरप्रिंट में दिक्कत आ रही है। चलने-फिरने में तकलीफ के बाद भी उन्हें केवाईसी के नाम पर परेशान किया जा रहा है। यह स्थिति किसी एक वार्ड की नहीं, पूरे 70 वार्डों में है। निगम प्रशासन इस मामले में लापरवाह बना हुआ है।

हरिभूमि सरोकार

**केस 1**

### तीन माह से खाते में पैसा नहीं

छत्तीसगढ़ नगर की 70 वर्षीया कृष्णाबाई साहू पति झड़ीराम साहू के खाते में 3 माह से पेंशन की राशि नहीं आई है। शिविर में जाकर पता किया तो बैंक वालों ने कहा कि उनके खाते में पैसा नहीं आया। बुजुर्ग महिला पेंशन के लिए बेहद परेशान है, बैंक वाले कुछ बता नहीं रहे कि पैसा कब तक आएगा। इससे उन्हें आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है। मामला केवायसी में फंसा बताया जा रहा।

### दस जोन के 70 वार्डों में कमोबेश यही स्थिति





***चार माह से नहीं मिली निराश्रित पेंशन*** *: शहीद पंकज विक्रम वार्ड के छत्तीसगढ़ नगर रहवासी 65 वर्षीय रनिया बाई साहू के बैंक खाते में 4 माह से पेंशन की राशि नहीं आई। पेंशन नहीं मिलने से परेशान वृद्धा ने वार्ड पार्षद को अपनी परेशानी बताई। शिविर में बैंक वाले ये कहकर लौटा देते हैं कि अगले माह पेंशन की राशि आ जाएगी। निराश्रित पेंशन ही उनका सहारा है, पर इसके लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है।*

**केस 2**

### केवाईसी के लिए चक्कर

कालीमाता वार्ड के तरूण नगर निवासी छोटेलाल, रामू साहू, रमशिला बाई और शक्तिनगर की मथुरा पटेल पेंशन के लिए भटक रही हैं। इन हितग्राहियों को ये कहा जा रहा है कि केवाईसी नही हुई, इसलिए पैसा नहीं। केवाईसी के लिए इन्हें बैंक वाले के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। बैंक वाले आधारकार्ड और फोटो, बैंक खाते की फोटोकॉपी लेकर गए हैं, फिर भी भी खाते में पैसा नहीं आ रहा है।

### जोन कमिश्नर को जिम्मेदारी, शिविर लगेंगे

पेंशनरों के खाते में पेंशन नहीं आने की शिकायत मिली है। सामान्य सभा के प्रश्नकाल में पार्षद अमितेश भारद्वाज के प्रश्न लगाने पर मामला उठा था। विभागीय अधिकारी को तलब किया है। दस दिन के अंदर सभी वार्डों में निराश्रित, दिव्यांग, बुजुर्ग पेंशनरों के खाते की केवाईसी कराने शिविर लगाने की हिदायत दी गई है। जोन कमिश्नर को इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

- **प्रमोद दुबे**, सभापति, ननि रायपुर

## खबर संक्षेप



### माता के दर्शन करने पहुंचे विधायक, हुआ स्वागत

**रायपुर।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी धरमपुरा जोरा स्थित मां दुर्गा के पंडाल में रविवार को पूर्व श्रम मंत्री और बैकुंठपुर के विधायक भैय्यालाल राजवाड़े पहुंचे। इसके बाद मातारानी की पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान कॉलोनीवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में पूजा पंडाल के अध्यक्ष राजेश टंडन, माना मंडल भाजपा की प्रचार-प्रसार मंत्री ज्योति यादव, सचिव दीपा मानिकपुरी, आर. रजनी और कला सेन आदि शामिल रहे।


### शीतला मंदिर गोंदवारा में 118 ज्योति कलश की स्थापना



**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर संत कबीरदास वार्ड नंबर-3 स्थित आदिशक्ति जगतजननी मां शीतला मंदिर गोंदवारा में ज्योति कलश की स्थापना भक्तिभाव के साथ की गई है। नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व वर्ष में दो बार मनाया जाता है और पूरे नौ दिवस तक अलग-अलग दिन मातारानी के नौ रूपों की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं भक्त मातारानी से मनवांछित इच्छाओं की पूर्ति के लिए जंवारा और कलश भी मंदिरों में स्थापित करते है। इस वर्ष शीतला माता मंदिर गोंदवारा में 118 ज्योति कलश की स्थापना की गई है।

### अजय बने कृषक नगर जन विकास समिति के अध्यक्ष

**रायपुर।** प्रोफेसर कॉलोनी जोरा स्थित शिव मंदिर परिसर में रविवार को कृषक नगर जनविकास समिति की आमसभा हुई।



इस बैठक में तीन वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी गठित की गई, जिसमें समिति का अध्यक्ष अजय शर्मा और उपाध्यक्ष इंदू वर्मा को चुना गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि आप सबके विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने बताया कि आज हुई आमसभा की बैठक में जोरा स्थित प्रोफेसर कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के साथ ही साथ विकास के मुद्दों पर चर्चा हुई। अन्य पदाधिकारियों में सचिव प्रफुल्ल कटरे, सहसचिव आशीष चंद्राकर, कोषाध्यक्ष अभिलाष पॉल, उप कोषाध्यक्ष हिरेंद्र अग्रवाल, प्रचार सचिव नरेंद्र अग्रवाल के अलावा राधाकांत पांडेय, गणेशीलाल शर्मा, नवनीत राणा, मोनिका पुरोहित, शीला तिवारी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 1166.3 मिमी. औसत वर्षा

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1166.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 06 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2379.7 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 606.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## बस्तर के मरीज विशाखापट्टनम तो जशपुर के मरीज रांची के अस्पतालों की ओर

# छग बन रहा मेडिकल हब, फिर भी सुपर स्पेश्यलिटी के लिए एयर एंबुलेंस हर माह भर रहा चार उड़ानें

### हैदराबाद हार्ट की बीमारी, चेन्नई में लिवर के इलाज के लिए जाते हैं कई मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय के साथ निजी सेक्टरों में उपचार की सुविधाओं के विस्तार से छत्तीसगढ़ मेडिकल हब बनने की ओर अग्रसर है, मगर दस फीसदी मरीजों को अभी भी दूसरे राज्यों के अस्पतालों पर ज्यादा भरोसा है। बस्तर के मरीज विशाखापट्टनम और जशपुर के पेशेंट रांची के हास्पिटल जाकर इलाज कराना ज्यादा पसंद करते हैं। हृदय की बीमारियों के लिए हैदराबाद, कास्मेटिक सर्जरी के लिए पुणे और लिवर की बीमारी के इलाज के लिए चेन्नई के बड़े सेंटर पर मरीज ज्यादा भरोसा करते हैं। यहां से हर माह एयर एंबुलेंस तीन से चार दफा उड़ान भर रहा है। हास्पिटल सेक्टर से जुड़े सूत्रों का कहना है कि राज्य निर्माण के बाद प्रदेश में उपचार की सुविधाओं का काफी विस्तार हुआ है। वैसे तो यहां शासकीय और प्रायवेट सेक्टर मिलाकर सभी बीमारियों के उपचार की सुविधाएं मौजूद हैं, मगर इन्हें और बेहतर के साथ किफायती बनाने की आवश्यकता है, ताकि तमाम तरह की बीमारियों का इलाज मरीजों को स्थानीय रूप से प्रदेश में ही मिल सके। जानकार सूत्रों का यह भी दावा है कि दस साल पहले तक राज्य से विभिन्न बड़ी बीमारियों के मरीज इलाज के लिए मुंबई सहित अन्य महानगरों के अस्पताल पर निर्भर रहते थे, मगर अब इनकी संख्या काफी घट चुकी है। ज्यादा भरोसा और अधिक सुविधाओं की चाह में मरीज दूसरे राज्यों के अस्पतालों की ओर जाते हैं, इनमें से कई राज्य तो अपनी पहचान बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए संचालित बड़े सेंटर के रूप में बना चुके हैं।

खास खबर




### महीने में तीन से चार एयर एबुंलेंस

कॉर्पोरेट अस्पताल से जुड़े सूत्रों का कहना है, राज्य के विभिन्न निजी अस्पतालों के अनुबंध दूसरे राज्यों के सुपर स्पेशलिटी हास्पिटलों से हैं। इलाज के दौरान किसी तरह की आपात स्थिति अथवा मरीजों को उच्चतम स्तर के इलाज की आवश्यकता होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया जाता है। अनुमान के मुताबिक, राज्य में हर महीने तीन से चार बार एयर एबुंलेंस की मदद से मरीजों को दूसरे अस्पतालों तक भेजा जाता है।

### *मुंबई जाने वाले कम हुए*

*पहले कैंसर सहित अन्य तरह की बीमारियों के उपचार के लिए मरीज मुंबई का रास्ता पकड़ते थे, मगर अब इनकी संख्या कम हो चुकी है। अब धनाढ्य वर्ग के मरीज और कॉर्पोरेट अस्पतालों में ज्यादा सुविधा के साथ इलाज कराने वाले ही वहां जाना पसंद करते हैं। राज्य में इस बीमारी के उपचार की आधुनिक सुविधाएं निजी और शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध हो चुकी है।*

### दूरवर्ती इलाकों में ज्यादा जरूरत

हास्पिटल सेक्टर से जुड़े चिकित्सकों के अनुसार, बस्तर के मरीज स्थानीय सुविधाओं के अभाव में विशाखापट्टनम और सरगुजा संभाग के लिए रांची के अस्पताल का रूख करते हैं। दोनों सीमावर्ती क्षेत्रों में बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए शासकीय स्तर के सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल खोलने काम 80 फीसदी का तक पूरा हो चुका है। इसके बाद पड़ोसी राज्यों पर उन क्षेत्रों के मरीजों की उपचार की निर्भरता भी खत्म हो जाएगी।

### दूसरे राज्य जाने वाले पांच से दस फीसदी ही

राज्य में अब तमाम तरह की बीमारियों के उपचार की सुविधाएं मौजूद हैं। दूसरे राज्यों के हायर सेंटर में जाकर इलाज कराने वालों की संख्या पांच से दस फीसदी ही है। कुछ राज्य विशेष बीमारियों के बड़े सेंटरों की वजह से आकर्षण का केंद्र बनते हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में उपचार की सुविधा और बढ़ाने की आवश्यकता है।

- **डॉ. राकेश गुप्ता,** अध्यक्ष, आईएमए, रायपुर

# संत रामपाल के सत्संग में उमड़े श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ के बालोद में संत रामपाल महाराज के सत्संग में श्रद्धालुओं ने तत्वज्ञान प्राप्त किया।

पाकुरभाट में संत रामपाल महाराज के सत्संग का आयोजन किया गया था। इस सत्संग में आस पास से श्रद्धालु शामिल हुए और संत के तत्वज्ञान का लाभ उठाया। सत्संग का आयोजन सुबह 11 बजे से शुरू होकर 2 घंटे तक चला, जिसमें संत रामपाल महाराज ने आध्यात्मिक ज्ञान के अनेक गूढ़ रहस्यों को उजागर किया। सत्संग के दौरान संत रामपाल महाराज ने शास्त्रों के प्रमाणों के आधार पर ब्रह्मा, विष्णु, शिव और दुर्गा की उत्पत्ति के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ये सभी शक्तियाँ परमात्मा की लीला के अंग हैं। इसके साथ ही उन्होंने ब्रह्मांड और उससे भी परे अन्य ब्रह्मांडों के रहस्यों पर प्रकाश डाला, जो दर्शकों के लिए अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक था। संत जी ने अपने प्रवचनों के माध्यम से यह संदेश दिया कि सच्चा अध्यात्मिक ज्ञान केवल शास्त्रों के अनुसार ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का मूल उद्देश्य केवल ईश्वर की भक्ति करके मोक्ष प्राप्त करना है। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि कार्यक्रम के दौरान गुटखा, पान, बीड़ी–सिगरेट पीते हुए कोई भी नजर नहीं आया। बता दें कि संत रामपाल महाराज ने मानव समाज को नशा मुक्त, दहेज मुक्त और बुराईयों से मुक्त कराने का बीड़ा उठाया है।

इस कार्यक्रम में जिला संयोजक प्रमोद दास, भागी दास, ब्लॉक संयोजक मनीष दास, विनोद मीडिया प्रभारी चिरंजीवी दास, किमेश दास उपस्थित थे।

# 'हरिशंकर परसाई व्यंग्य सम्मान' लखनऊ के व्यंग्यकार अनूप को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हिंदी साहित्य व व्यंग्य संस्थान की ओर से व्यंग्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में रखा गया। हरिशंकर परसाई व्यंग्य सम्मान लखनऊ के सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार अनूप मणि त्रिपाठी को, छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान सुनील रामदास अग्रवाल तथा छत्तीसगढ़ साहित्य सम्मान लोक बाबू को दिया गया। छत्तीसगढ़ समाज सेवा सम्मान नवदृष्टि फाउंडेशन दुर्ग को दिया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि निगम के सभापति प्रमोद दुबे, छग योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, छत्तीसगढ़ी विप्र समाज के अध्यक्ष विनय तिवारी तथा नई दिल्ली के प्रखर व्यंग्य आलोचक डॉ. रमेश तिवारी तथा हिंदी साहित्य व व्यंग्य संस्थान के अध्यक्ष व वरिष्ठ व्यंग्यकार राजशेखर चौबे मौजूद रहे। अनूप मणि त्रिपाठी ने अपना




व्यंग्य 'सांपों की सभा' का पाठ कर खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन शुभ्रा ठाकुर ने किया।

इस दौरान वरिष्ठ व्यंग्यकार राजशेखर चौबे के व्यंग्य संग्रह 'संतरा गणतंत्र' पर चर्चा का आयोजन किया गया। डॉ. रमेश तिवारी, रमेश सैनी और डॉ. महेंद्र कुमार ठाकुर ने व्यंग्य संग्रह 'संतरा गणतंत्र' की समीक्षा की। इस दौरान पुस्तक मेला आकर्षण का केंद्र रहा।

समारोह के दूसरे सत्र में 'आज का समय और हरिशंकर परसाई' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ व्यंग्यकार विनोद साव दुर्ग ने की।

# महादेवा इलेवन तांसी कांकेर ने जीती क्रिकेट स्पर्धा

### बड़भूम में आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

बुधवार को विल्स स्टार क्रिकेट क्लब एवं अधिकारी-कर्मचारी संघ बड़भूम के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में 32 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में धमतरी, कांकेर व बालोद जिले के खिलाडि़यों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार महादेवा इलेवन तांसी कांकेर, द्वितीय एमपी इलेवन मड़वापथरा धमतरी, तृतीय टी इलेवन साल्हटोला चारामा एवं चतुर्थ विल्स स्टार क्रिकेट टीम बड़भूम को दिया गया। विशेष पुरस्कार में मैन आफ द सीरीज विजय निषाद तांसी, बेस्ट बल्लेबाज प्रेमकुमार मड़वापथरा, बेस्ट अनुशासित टीम साल्हटोला, प्रथम मैच सत्या टीम दमकसा,



उद्घाटन मैच में 6 छक्के बलराम दुग्गाबाहरा, फाइनल मैच मैन आंफ द मैच तांसी को पुरस्कार प्रदान किया गया। अध्यक्षता कर रहे जनपद सदस्य कुलेश्वरी गावडे ने कहा कि खिलाड़ी हमेशा भाईचारे के साथ खेल का प्रदर्शन करें। कभी भी विवाद की स्थिति निर्मित न होने दें। दुलार साहू ने कहा कि हारे खिलाड़ियों को ज्यादा मेहनत करने की आवश्यकता है। पूर्व लेखापाल साधूराम कुरैटी, श्यामलाल नेताम, मिडियाप्रभारी अंकुश दीवान, सरपंच बल्लाराम कुंजाम, रुपेन्द्र गावडे, परमेश्वर कुरैटी, पंच सीमा कुंजाम, अहिल्या हिडको विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित थे। विल्स स्टार क्रिकेट क्लब की ओर से शिवम कुरैटी, अध्यक्ष रामाधार कुंजाम, सतीश उइके, रिमेन्द्र कुंजाम, देव उइके, समीर तारम, सितेश्वर हिडको, जयसिंह उइके, रुपेश मंडावी, संतोष पटेल, रीना मंडावी, लीली नेताम, डोमेन्द्र कुरैटी, भूमिका मंडावी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### दर्शकों को भी मिला पुरस्कार

प्रतियोगिता में जीतने वाली टीम के खिलाड़ियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के साथ ही बेस्ट दर्शकों को भी पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। बेस्ट महिला दर्शक सुलोचना मंडावी एवं बेस्ट पुरुष दर्शक फूलचंद विश्वकर्मा को दिया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ब्लाक कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री सुमित राजा राजपूत ने कहा खिलाड़ियों को हमेशा लगन और मेहनत कर शांति पूर्वक खेल का प्रदर्शन करना चाहिए, इससे निश्चित ही सफलता मिलती है।

# सच्चियाय माता की शोभायात्रा श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**रायपुर।** श्री सच्चियाय माता सेवक संघ द्वारा रविवार को श्री सच्चियाय माता कुलदेवी (ओसियां) की भव्य शोभायात्रा मंडी गेट पंडरी स्थित मंदिर से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा का समापन गुजराती स्कूल देवेंद्र नगर में किया गया। इसके बाद सामूहिक पूजा कर महाआरती की गई। इस संबंध में समिति के सदस्य राजकुमार राठी और राजेंद्र बैद ने बताया कि महाआरती के बाद माता को 56 भोग अर्पित किए गए। शाम को रास गरबा एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जहां माता के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सूरत एवं दिल्ली के कलाकार नीलेश बाफना एवं पुलकित खटेड द्वारा श्री सच्चियाय माता के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। श्री सच्चियाय माता ओसवाल समाज, माहेश्वरी समाज सहित अनेक समाज की कुलदेवी हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेंद्र बैद, मनीष समदड़िया, जयकिशन मोहता, पवन करणानी, सुभाष कोठारी, नरेंद्र पारख, मनीष सिंघी, संजय बैद, उमेद बैद, कमलेश चोपड़ा, पवन मोहता, रंजू बैद सहित माता के हजारों भक्तों का विशेष योगदान रहा।

### आम जनता से जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए न्याय यात्रा की जाएगी

# बैज ने दिए संकेत- जहां कांग्रेस कमजोर, वहां जारी रहेगी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में बलौदाबाजार आगजनी कांड, कवर्धा के लोहारीडीह मामले और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर 125 किमी न्याय यात्रा की सफलता के बाद कांग्रेस कमेटी अब दूसरी जगहों से ऐसी यात्रा शुरू करने के संबंध में रणनीति तैयार कर रही है। कांग्रेस का फोकस ऐसी जगहों पर होगा, जहां कांग्रेस पिछड़ गई है। वहां पर ऐसे मुद्दे, जिन पर सरकार को घेरा जा सके, इसकी पूरी जानकारी जुटाने के बाद आने वाले दिनों में बस्तर, सरगुजा और अन्य संभागों से ऐसी यात्रा शुरू की जाएगी। फिलहाल अभी निकाय और पंचायत चुनाव पर पार्टी का फोकस रहेगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद कानून व्यवस्था की स्थिति पर कांग्रेस का फोकस अधिक रहा। ऐसी घटनाएं भी इस दौरान हुई कि कांग्रेस को इसका लाभ मिला। विपक्ष की भूमिका में कांग्रेस सरकार का लगातार घेरने का प्रयास कर रही है। यहां पर महिलाओं के साथ अनाचार की घटनाओं के साथ ही बेरोजगारी और अन्य मामलों को लेकर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। अब सरकार के एक साल के कार्यकाल की समीक्षा के बाद कांग्रेस अपनी रणनीति को मूर्त रूप देगी। आम जनता से पार्टी के जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए न्याय यात्रा की जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने साफ कहा है कि कांग्रेस की न्याय यात्रा का समापन नहीं हुआ है, बल्कि अभी विराम लगा है। आगे भी ये यात्रा प्रदेश की दूसरी जगहों पर जारी रहेगी। पार्टी जनता से जुड़े मामलों को सड़क की लड़ाई के माध्यम से जनता तक पहुंचाने के प्रयास में है।

### *नई नियुक्ति के बाद तय करेंगे टारगेट*

*प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को एआईसीसी ने निर्देश दिए हैं कि कांग्रेस संगठन को और मजबूत बनाने के लिए नई नियुक्तियां की जाएं और निष्क्रिय लोगों को हटाकर सक्रिय लोगों को रखा जाए। पीसीसी ने अपनी सूची से हाईकमान को अवगत कराया है। आने वाले दिनों में इसके जारी होने की संभावना है। नई नियुक्ति के बाद नए सिरे से उन्हें टारगेट देकर अपने क्षेत्र की समस्याओं और घटनाओं के संबंध में पूरी जानकारी लेने के बाद वहां पर सड़क की लड़ाई लड़ने यात्राओं के लिए जिलास्तर पर आयोजन होगा। बड़े नेताओं को इसमें भाग लेने के अलावा स्थानीय लोगों को जोड़ने पर जोर दिया जाएगा।*

### एकजुटता का प्रयास

विधानसभा चुनाव की समीक्षा के दौरान यह सामने आई कि आपसी समन्वय न होने के कारण चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। प्रदेश प्रभारी ने उसके बाद प्रदेश कांग्रेस नेताओं को एकजुट करने की रणनीति तैयार की है। रणनीति के तहत अब सभी संभागों में इस तरह के आयोजन होंगे। अब उन सभी संभागों को लेकर प्रभारी सचिवों के माध्यम से किन-किन मुद्दों पर यात्रा की जाए, इसे स्थानीय और प्रदेश के नेताओं के साथ बैठक में तय किया जाएगा। प्रभारियों को उसके अनुसार जिलों की अलग-अलग विधानसभा का प्रभार दिया गया है।

# हादसे में कट गए दोनों पैर, सरकार ने इलाज के लिए मंजूर किए दस लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की संवेदनशीलता के चलते युवक की जान बच गई। सड़क हादसे में युवक का दोनों पैर कट गए थे। मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से मिली राशि से 80 दिन तक उसका निजी अस्पताल में उपचार हो पाया।



- मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से संभव हो पाया 80 दिन का उपचार

सड़क हादसे में 25 साल का शिराज हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गया था। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसके दोनों पैर काटने पड़ गए। 90 फीसदी संक्रमण से ग्रसित शिराज के परिजनों ने इलाज के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से आर्थिक मदद की गुहार लगाई थी। उन्होंने परिजनों को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना के लिए आवेदन करने की सलाह दी थी। स्वास्थ्य मंत्री की पहल पर दस लाख रुपए की राशि इलाज के लिए मंजूर हुई और शिराज का इलाज राजधानी के निजी अस्पताल में संभव हो पाया। शिराज का इलाज 80 दिन तक चला, इस दौरान इंपटेशन ग्राफ्टिंग डिब्राइटमेंट फ्लेप की दो बार सर्जरी हुई।

**छह महीने पहले हुई थी शादी :** कोंडागांव निवासी शिराज का विवाह छह माह पहले रायपुर में हुआ था। 5 जुलाई को हादसे के दिन वह बाइक से रायपुर आ रहा था। अभनपुर के पास ट्रक की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे में गंभीर स्थिति के दौरान परिजनों ने उसके बचने की आस छोड़ दी थी। विशेष सहायता से मिली मदद के बाद ही उसका इलाज संभव हो पाया।

## खबर संक्षेप

### संत कंवरराम साहेब का 40वां वर्सी महोत्सव 25 से

**रायपुर।** संत कंवरराम साहब का 40वां बरसी महोत्सव समता कॉलोनी माता सावित्री देवी बाबा हरिशचंद्र दरबार में धूमधाम से मनाया जाएगा। दरबार के सेवादार प्रेमप्रकाश मध्यानी ने बताया कि 25 अक्टूबर को अखंड पाठ साहब आरंभ सुबह 12 बजे, भोग साहब 27 अक्टूबर दोपहर 12 बजे के बाद आम लंगर होगा, 25 एवं 26 रात्रि कटारिया ब्रदर्स, मास्टर सक्षम एवं कुंदन भगत बिलासपुर का सत्संग कार्यक्रम होगा। शनिवार रात्रि 9 बजे साधु भोज होगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने कटनी, भोपाल, बिलासपुर, विदिशा, गोंदिया से भी श्रद्धालु आएंगे।

### डोंगरगढ़ के लिए निःशुल्क बस सेवा डॉ. रमन ने दिखाई हरी झंडी

**रायपुर।** मां कालीमाता अन्नदान भण्डारी समिति द्वारा विगत 8 वर्षों से शहर के प्रबुद्धजनों को पारिवारिक माहौल में निशुल्क डोंगरगढ़ यात्रा के माध्यम से मां बम्लेश्वरी के दर्शन कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नवरात्रि पर्व के चौथे दिन रविवार को आकाशवाणी चौक स्थित मां काली मंदिर से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने चारों यात्री बसों को झंडी दिखाकर डोंगरगढ़ रवाना किया। समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज पोल्ले ने बताया कि बसों को रवाना करने के पूर्व डॉ. रमन ने सर्वप्रथम आकाशवाणी चौक स्थित मां काली के दर्शन किए। इसके बाद भक्तों से भेंट कर कहा कि मां बम्लेश्वरी आप सभी की मनोकामना पूर्ण करें और हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश में अमन-चैन के साथ-साथ खुशहाली बनी रहे। डॉ. सिंह ने इस पुनीत कार्य के लिए समिति की बेहद प्रशंसा भी की। कार्यक्रम में श्रीचंद सुंदरानी, बसंत अग्रवाल, रमेश मिरघानी, सुनील जग्गी, संतोष शुक्ला, संदीप परिहार, गुरमीत सिंह टोनी, जगजीत सिंह, शंकर गुप्ता, पप्पू सलूजा, धीरज जोधानी, रोहित भारद्वाज, आकाश साहू, महेश माखीजा, मोहन धीवर, प्रशांत ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### कीर्तन-हवन के साथ मनाया आत्म साक्षात्कार दिवस

**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित आश्रम में आत्म साक्षात्कार दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर सामूहिक हवन, मानस पूजन, भजन कीर्तन के साथ सत्संग-श्रवण का लाभ श्रद्धालुओं ने उठाया। इसके साथ ही गुरुदेव के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। इस आयोजन में रायपुर सहित प्रदेशभर के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर आश्रम परिसर में आम भण्डारे का आयोजन किया गया। आत्म साक्षात्कार दिवस के कार्यक्रम में ओंकारा नंद ने इस दिवस की विशेषता बताते हुए कहा कि ''मनुष्य जन्म का वास्तविक उद्देश्य है आत्मा का ज्ञान पाना, आत्मसुख पाना। सद्गुरु वशिष्ठजी से यही आत्मज्ञान भगवान रामचंद्रजी ने पाया था। गीता का यही ज्ञान भगवान श्रीकृष्ण से पाकर अर्जुन धन्य हुए थे। अनादिकाल से गुरु-शिष्य और समाज को सच्चे सुख-शांति, आनंद से तृप्त करता रहा है। आयोजन की कड़ी में शहर के इन 5 स्थानों जयस्तंभ चौक, सरस्वती नगर थाने के पास, तेलीबांधा चौक, श्रीराम मंदिर चौक और वीआईपी रोड स्थित संत आश्रम में भंडारे का आयोजन किया गया।

## गुरूर में नवरात्रि पर जगह-जगह विराजीं मां अम्बे







## पर्व

### छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी मोरमारी महाराष्ट्र का कार्यक्रम

# जंगलीभेजा स्थित मंदिर में पंचमी पर माता का किया विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत बड़भूम के आश्रित ग्राम जंगलीभेजा के मंदिर में पंचमी पर माता का विशेष श्रृंगार किया गया। यहां 80 तेल एवं 14 घी का ज्योति प्रज्वलित की गई है। संत राम नागवंशी, दयानंद नागवंशी, महेंद्र नागवंशी ने बताया कि यहां जब से माता कंकालिन विराजित हुई है, तब से देव दशहरा पर्व मनाने की परंपरा निरंतर जारी है, कंकालिन मंदिर से अलग होने के बाद से लगभग 35 साल से माता के दरबार में दीप प्रज्वलित करने की रीतिरिवाज चली आ रही है।

सुरेंद्र नागवंशी, त्रिभुवन कोवाची, सहदेव हिडको ने बताया कि 1990 से जब मंदिर का निर्माण नही हुआ था तब से प्रथम पर्व फागुन शुक्ल पक्ष के प्रथम मंगलवार को फागुन पर्व, चैत्र नवरात्रि में माता को महुआ, चार, आम का भेंट चढाया जाता है। जुडवारो, सवनाही,



बाल पर्व, क्वांर नवरात्रि के बाद दीपावली के प्रथम मंगलवार को मंडाई का आयोजन किया जाता है, यह सब माता कंकालिन के आर्शीवाद से किया जाता है। अर्जुन भास्कर, मेघनाथ कोवाची ने बताया कि जब से माता कंकालिन जंगलीभेजा मे विराजित हुई तब से देव दशहरा पर्व का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आसपास के दमकसा, बडभूम, पेटेचुआ, दुग्गाबाहरा के देवी देवता शामिल होते है। दशहरा पर्व के रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी मोरमारी महाराष्ट्र का कार्यक्रम रखा गया है।

### बालोद में लगी चैतन्य देवियों की झांकी



**बालोद।** शिवशक्ति के आध्यात्मिक अलौकिक रहस्य को दर्शाते हुए शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में चैतन्य देवियों की भव्य एवं मनोरम झांकी का आयोजन किया गया है। ध्वनि एवं प्रकाश से सुसज्जित व मधुर संगीत के साथ चैतन्य देवियों की झांकी हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। झांकी में मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, मां उमा, मां काली व ब्रह्माकुमारी को दर्शाया गया है। चैतन्य झांकी का शुभारंभ प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा, ओमप्रकाश टुवानी, ब्रजेश पाण्डेय, उत्तम साहू, किशोर साहू, दुर्गा शंकर साहू, टिकम पिपरिया बीके विजयलक्ष्मी दीदी, सरिता दीदी की उपस्थिति में किया गया। यह चैतन्य झांकी 6 से 11 अक्टूबर तक प्रतिदिन संध्या 6:30 बजे से रात्रि 10 बजे तक भक्तों के दर्शनार्थ रहेगी। झांकी के बाद 13 अक्टूबर से राजयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसका समय प्रातः 8 से 9 बजे तक, दोपहर 4 से 5 बजे एवं रात्रि 8 से 9 बजे तक रखा गया है। कोई भी एक समय पर शिविर में आकर राजयोग में सम्मिलित हो सकते हैं।

### मां गंगा मईया मंदिर पहुंचीं विधायक संगीता



**बालोद।** विधायक संगीता सिन्हा ने नवरात्रि पर जिले के प्रसिद्ध देवी मंदिर मां गंगा मईया में पहुंचकर माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष तोशण साहू व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### देव दशहरा के अवसर पर नाचा कार्यक्रम



**गुरूर।** कंकालिन देव दशहरा के अवसर पर आस पास के गांवों में भी त्योहार की तरह यह पर्व को मनाते आ रहे हैं। गोटाटोला के खिलावन सिन्द्राम ने बताया कि देव दशहरा के अवसर पर रात्रि में जय मां दुलवरिन लोककला नाचा पार्टी बरही सांकरा का कार्यक्रम रखा गया है। कंकालिन के विजय बघेल ने बताया कि ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में अमर ज्योति नाच पार्टी हाराडूला का कार्यक्रम आयोजित है।

## नवरात्रि पर अखंड ज्योति कलश प्रज्ज्वलित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

नगर के साधना केंद्र गायत्री प्रज्ञापीठ में शारदीय नवरात्रि पर अखंड ज्योति कलश की स्थापना की गई है, जिसके दिव्य प्रकाश तथा संरक्षण में गायत्री साधक 24000 गायत्री मंत्र का लघु अनुष्ठान संपन्न कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रतिदिन सुबह 7 बजे से एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार किये जा रहे हैं। नवरात्रि के अंतिम दिवस 11 अक्टूबर शुक्रवार को नवमी के पावन अवसर पर साधना की पूर्णाहुति के लिए प्रातः 10:00 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ किया जाएगा। जिसमें मुंडन, अन्नप्राशन, विद्यारंभ, दीक्षा यज्ञोपवीत, जन्मदिवस जैसे विभिन्न संस्कार संपन्न किये जाएंगे। आयोजकों ने सभी नागरिकों से इस महायज्ञ में शामिल होने की अपील की है। इस साधना क्रम में गायत्री परिवार के साधक भोलाराम साहू, मिलन सिन्हा, कैलाश नाथ साहू, तुलसी साहू, विशम्भर बगमरिया, प्रज्ञानंद बघमरिया, पुराणिक लाल सोरी, विरेन्द्र कुमार बघेल, कुमार सिंह सहारे सहित बड़ी संख्या में परिजन शामिल हैं।

## भैंसबोड़ में चला नशामुक्ति अभियान



**बालोद।** ग्राम भैंसबोड़ में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू थे। इसके साथ ही वे ग्राम खल्लारी में सदस्यता अभियान 2024 महापर्व के अंतर्गत कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सदस्यता अभियान चलाकर ग्रामीणों को सदस्य बनाया।

### विधायक कुंवरसिंह ने व्याख्याता डा. साहसी का किया सम्मान



**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा में पदस्थ राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता डॉ बीएल साहसी को गुंडरदेही के विधायक कुंवर सिंह निषाद ने विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर मेमेंटो, शाल, श्रीफल व पेन भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सेवानिवृत शिक्षक तथा विभिन्न गतिविधियों से जुड़े एवं उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि विधायक श्री निषाद द्वारा लगातार पिछले 6 वर्षों से शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का इसी प्रकार सम्मान किया जा रहा है।

## पुराना जनपद परिसर में हुई गरबा नाइट की शुरुआत



**डौंडीलोहारा।** तीन दिवसीय गरबा नाइट का आयोजन गरबा ग्रुप द्वारा नगर के पुराना जनपद परिसर में किया जा रहा है। प्रथम दिवस पर माता अंबे की आरती के साथ अतिथियों का स्वागत कर गरबा की शुरुआत की गई। अतिथियों में पूर्व जनपद सदस्य पदमा देवी ठाकुर, प्राचार्य अनीता सिंह, समाजसेवी दिव्या जोशी, प्राध्यापिका श्रुति त्रिपाठी, प्राध्यापिका एनुका शार्वा, प्रतिभा शर्मा उपस्थित थे। गरबा ग्रुप के सक्रिय सदस्य के रूप में माया ठाकुर, हर्षा देवांगन विद्या गौर, ममता साहसी, रंजना राजपूत, स्वाति राजपूत आरती संचेती सहित सभी सदस्य अपनी भूमिका निभा रही हैं। अतिथियों ने नगर में हो रहे इस तरह के कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि नगर में इस तरह का आयोजन केवल महिला वर्ग के लिए किया जाना बहुत ही सराहनीय है। इस दौरान स्व धन्नी भंसाली एवं स्व उर्मिला सिन्हा को याद कर श्रद्धांजलि दी गई।

### रोहित ने स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर का लिया जायजा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के नए अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने कार्यभार संभालने के दूसरे दिन स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर का अवलोकन किया तथा उत्पादन, पारेषण, वितरण तीनों कंपनियों की पृथक-पृथक परिचयात्मक बैठक ली।







## परिक्षेत्रीय साहू संघ द्वारा निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन

# कोसागोंदी में बनेगा भक्त माता कर्मा मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

परिक्षेत्रीय साहू संघ कोसागोंदी के तत्वावधान में ग्राम कोसागोंदी में भक्त माता कर्मा मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सलाहकार प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ पवन साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष तहसील साहू संघ गुरुर महेंद्र कुमार साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष भाजपा मंडल गुरुर कौशल साहू, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर ईशा प्रकाश साहू, महामंत्री भाजपा मंडल गुरुर भुवन लाल साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज कोसागोंदी लीलाराम साहू, जीवधन साहू दानवीर एवं नागरिक कोसागोंदी योगेश्वरी गुरु दानवीर भामाशाह ग्राम कोसागोंदी, सरपंच ग्राम पंचायत कोसागोंदी सरस्वती धुरव, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति कोसागोंदी रविंद्र निषाद, उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति कोसागोंदी थान सिंह साहू के द्वारा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी अतिथियों के माध्यम से भूमिपूजन किया गया।



मुख्य अतिथि ने कहा कि यह संगठन की ताकत है जो आप लोग अपने–अपने मेहनत के पैसों को मंदिर निर्माण के लिए लगा रहे हो। भक्त मां कर्मा मंदिर निर्माण के लिए राशि एकत्रित कर निर्माण कर रहे हैं, ऐसा संगठन आप लोग सभी जगह दिखाना चाहिए।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष दिनेश्वर साहू, पूर्व उपाध्यक्ष विश्व कुमार पेंटर, अध्यक्ष ईश्वरलाल गंजीर, उपाध्यक्ष दयालु राम साहू, संरक्षक लालाराम साहू, धनराज साहू, कोषाध्यक्ष कमलेश्वर साहू, सचिव यंत कुमार साहू, सह सचिव डॉक्टर गोपाल साहू, संगठन सचिव राधे लाल साहू, संगठन मंत्री धरमूराम साहू और नकुल राम साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक नेम सिंह साहू, तहसील प्रतिनिधि डॉ हरिकृष्ण गंजीर और तुकाराम साहू, सलाहकार पूरन लाल साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक कुलेश्वर साहू, खोरबाहरा राम साहू एवं परीक्षेत्रीय साहू समाज समस्त पदाधिकारी एवं ग्रामीण साहू समाज के समस्त अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन सचिव कोसागोंदी यंत कुमार साहू और कार्यक्रम का आभार सरपंच ग्राम पंचायत कोसागोंदी सरस्वती ध्रुव ने किया।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


## बालोद में नवरात्रि पर जगह-जगह विराजीं मां अम्बे



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव, बाजार चौक जामगांव आर



गुड़ी चौक भरदा खुर्द सरस्वती माता रानी



अटल चौक भरदा खुर्द सरस्वती माता रानी




सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बटरेल





## खबर संक्षेप

### डामरीकरण कार्य का विधायक-महापौर ने किया भूमिपूजन

**दुर्ग।** विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल की पहल से जिला हॉस्पिटल परिसर में 15वे वित्त मद से बारह लाख तिरपन हजार रूपये लागत से सड़क को डामरीकरण करने भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन पश्चात डामरीकरण का कार्य तत्काल शुरू भी कराया गया। जिला हॉस्पिटल की सड़क काफ़ी खऱाब हो गईं है। जिला हॉस्पिटल परिसर में लोगो का आना जाना लगा रहता है। शहर और जिले क्षेत्र के नागरिकों को जिला हॉस्पिटल में ईलाज के लिए आने वाले मरीज के वाहन तथा एम्बुलेंस को आने में समस्या हो जाती थी। जिसे देखते हुए सड़क बनाने राशि स्वीकृति कराया गया और आज विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, वार्ड पार्षद बबिता गुड्डू यादव, पार्षद विजेंद्र भारद्वाज, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, उपअभियंता करण यादव, उपअभियंता हरिशंकर साहू सहित हॉस्पिटल स्टॉप एवं नागरिकों की उपस्थिति में वार्ड क.29 हास्पिटल ओ.पी.डी. बिल्डिंग से आपातकाल बिल्डिंग तक डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

### सोनकर समाज के बंशीलाल बने अध्यक्ष

**दुर्ग।** छग सोनकर समाज दुर्ग राज का चुनाव हुआ। जिसमें अध्यक्ष बंशीलाल सोनकर अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूरज सोनकर, सचिव राजेश सोनकर, कोषाध्यक्ष मनेश सोनकर बनाए गए।

### नोटिस की अनदेखी की तो कटेगा नल कनेक्शन

**दुर्ग।** आयुक्त ने निगम की आर्थिक स्थिति सुधार करने 120 कर्मचारियों को मैदान में उतार दिया है। यह वसूली अभियान पूरा अक्टूबर माह तक चलेगा। अभियान क्रियान्वयन हेतु दुर्गेश गुप्ता राजस्व अधिकारी को नोडल बनाया गया है। अभियान में नया मोड़ की शुरुवात सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोईर द्वारा 7500 करदाताओं को नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 173 के तहत नोटिस जारी करने से हुई। जिसके तहत 7 दिवस के भीतर टैक्स जमा करने नोटिस जारी हुआ है। अगर नोटिस के बाद भी टैक्स का भुगतान नही होता है तो, नगर निगम द्वारा 10 प्लम्बरों की टीम बनाने की योजना बनाई है जो नल कनेक्शन काटने का कार्य करेंगे। बता दें कि इतनी बड़ी मात्रा में नोटिस बांटने का कार्य निगम में पहली बार हो रहा है। अनावश्यक परेशानी से बचने के लिए टैक्स भुगतान करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नही है।

### श्रीमद् देवी भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचिका रुचिता ने बताई माता की महिमा

# मां भगवती विभिन्न रूपों में प्रकट होकर पापियों का नाश करती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

श्री दुर्गा समिति गंजपारा बालोद के तत्वावधान में महादेव भवन बालोद में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचिका रुचिता तिवारी ने अनेक प्रसंगों पर व्याख्यान दिया।

कथावाचिका रुचिता तिवारी ने मां भगवती के काली रूप, दुर्गा रूप में प्रकट होने की कथा बताई। मां भगवती द्वारा महिषासुर, शुभ, निशुंभ, चंद्र मुंडा, धूम्र लोचन, रक्तबीज आदि दैत्यों के संघार की कथा बताई। कथा में मां कालिका के स्वरूप का बखान किया। उन्होंने कहा कि मां भगवती विभिन्न रूपों में प्रकट होकर समस्त पापियों का नाश करती हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मां भगवती जीवन को कल्याणकारी करने वाली मां है। भक्तों की रक्षा करने वाली है मां भगवती। इसीलिए भगवान कहते हैं मेरा वास वहां है जहां भक्त भजन करते हैं। उन्होंने कहा कि हम कभी कथा को नहीं सुनते हैं कथा हमें सुनती है, जीवन का वृत्तांत बताते हुए उन्होंने कहा कि कुछ ना कुछ कमी सभी में होती है, पर जिंदगी में कितनी भी कमी हो भगवती अपना लेती है। भक्त को शांत मन से बैठकर सोचना चाहिए कि भगवान ने हमें क्या-क्या नहीं दिया है, भगवान ने यदि दुख दिया है तो सुख भी दिया है, लेकिन हम सुख को भूल जाते हैं और दुख को याद रखते हैं, सुख हो या दुख हो भगवान की सेवा प्रत्येक जीव को करनी चाहिए। मां भगवती हमें भीतर से आशीर्वाद देती है। हमें विश्वास रखना चाहिए कि सबके भीतर में भगवान हैं। जीवन में कष्ट सबको होता है लेकिन मां का आशीर्वाद भीतर से मिलता है, भक्त को इस बात का हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि भगवान कभी पक्षपात नहीं करते।





#### जस गीतों की बयार

पंचम दिन कथा के दौरान मां भगवती के विभिन्न रूपों में अवतार लेने की कथा के समय अनेक बार कथा मंच से जस गीत गाए गए। इन जस गीतों में भक्तों से भरा पंडाल झूम उठता था। अपनी अपनी जगह पर खड़े होकर श्रद्धालु जस गीतों पर खूब झूमे।

#### निकाली गई झांकी

काली माई व मन दुर्गा के अवतार की झांकी निकाली गई, जिसमें राक्षसों का वध करते हुए दिखाया गया। झांकी को भी लोगों ने खूब पसंद किया। 11 अक्टूबर तक चलने वाली कथा में जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ते जा रहे हैं भक्तों की संख्या भी पंडाल में लगातार बढ़ती जा रही है।

### देवी मंदिरों में पहुंचे पूर्व मंत्री ताम्रध्वज



**अंडा।** प्रदेश व दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सुख शांति के लिए पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने शारदीय नवरात्र के अवसर पर सोमवार को मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। सर्वप्रथम उन्होंने ग्राम रसमड़ा स्तिथ झांपी डोंगरी मंदिर में पूजा की, उसके बाद ग्राम गनियारी में दुर्गा पंडाल पहुँच कर आशीर्वाद लिया। साथ ही नगर निगम रिसाली के विभिन्न पंडालों में पहुंचकर पूजा में शामिल हुए। इस अवसर जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ रिवेंद्र यादव, जनपद सदस्य अजय वैष्णव, सरपंच ममता भागवत साहू, लाल जी गुप्ता, रोहित साहू, परमानद साहू सहित मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### बोरई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ललित




**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ग्राम बोरई में नवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री चन्द्राकर ने माता की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और विकास की कामना की। साथ ही विधायक चन्द्राकर ने छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम, 'लोकरंग' अर्जुंदा, जिला बालोद की अनुपम प्रस्तुति का आनंद लिया। इस अवसर पर ओमेश्वर राजू यादव, अंजोरा मण्डल अध्यक्ष गिरेश साहू, जनपद सदस्य भानाबाई ठाकुर, सरपंच पद्मा टीकम साहू, पूर्व सरपंच रिवेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## शासकीय विद्यालय गोडेला में हुई शिक्षक-पालक मेगा बैठक



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला गोडेला में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला के छात्र-छात्राओं ने सभी पालकों का तिलक लगाकर व आरती उतारकर स्वागत किया। माध्यमिक शाला की शिक्षिका प्रतिभा त्रिपाठी व प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक शोभाराम देवांगन ने 12 बिंदुओं पर पालकों से चर्चा की। बच्चों के त्रैमासिक परीक्षा परिणाम से सभी पालकों को अवगत कराया। इस अवसर पर सितंबर माह में शत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों को शिक्षिका प्रतिभा त्रिपाठी ने स्वयं के व्यय से पुरस्कार प्रदान किया। एसएमसी उपाध्यक्ष निलेश साहू ने बच्चों को गृहकार्य देने की बात कही, जिससे बच्चे घर पर भी पढ़ाई पर ध्यान दें। इस दौरान नवरात्रि के अवसर पर बच्चों ने गरबा भी किया। सर्वसम्मति से प्रियांशी गायकवाड़ को गरबा क्वीन चुना गया। एसएमसी अध्यक्ष सत्यवती गायकवाड़ ने पालकों को बच्चों की शिक्षा पर निरंतर ध्यान देने को कहा। इसके साथ ही हमेशा बैठक में शामिल होने का आग्रह किया, जिससे अपने बच्चों की पढ़ाई की प्रगति की जानकारी मिलती रहेगी। उन्होंने शाला के विकास में अपना सहयोग प्रदान करने की अपील की। बैठक में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं पालक उपस्थित थे।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर हुई साहू समाज की बैठक



**बालोद।** जिला स्तरीय साहू युवक युवती परिचय सम्मेलन, तहसील साहू समाज के गतिविधियों तथा समाजहित में अन्य विषयों पर चर्चा को लेकर जिला साहू संघ द्वारा नगर स्थित साहू सदन में बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता संघ उपाध्यक्ष धिराजसिंह साहू की। उपाध्यक्ष कृष्णा साहू, कोषाध्यक्ष बंशीलाल साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रो कमलराम साहू, न्याय प्रकोष्ठ सचिव डॉ लिखेश्वर साहू, महिला प्रकोष्ठ सचिव द्रौपती साहू, अगरसिंह साहू, तहसील अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, नरेन्द्र हिरवानी, उमाशंकर साहू एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में आगामी जिला स्तरीय साहू युवक युवती परिचय सम्मेलन नवनिर्मित जिला साहू संघ भवन दल्लीराजहरा मार्ग जिला जेल के सामने किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। साथ ही तहसील साहू संघ की गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में द्रोणाचार्य साहू, तुकेश हिरवानी, डिलेश्वरी साहू, सरोज गंगबेर, बसंती सिहारो, नैनादेवी साहू, दुलारसिंह साहू, भोजकुमार साहू, हुमनलाल साहू, शैलेन्द्र कुमार साहू सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## ज्योति ने कैंसर पीड़ितों के लिए किया केश दान



**डौंडीलोहारा।** नगर की ज्योति पटेल ने एनुका शार्वा के मार्गदर्शन में अपने बाल का दान कैंसर पीड़ितों के लिए विग बनाने वाली संस्था हेयर क्राउन तमिलनाडु को किया है। ज्योति के बाल कोरियर के माध्यम से भेजे जाएंगे, जिससे विग बनाकर जरूरतमंद कैंसर पीड़ित को दान किया जाएगा। ज्योति पटेल ने बताया कि वे अपनी शिक्षिका सुश्री शार्वा के कार्य और विद्यार्थियों के प्रति सहयोग और समर्पण की भावना से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि सार्वा मैडम द्वारा कैंसर के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनमें कैंसर पीड़ितों के लिए बाल दान करना भी शामिल है। मेरे मन में भी काफी दिनों से मैडम के कार्य को देखकर उनके कार्य का अनुशरण करने की इच्छा थी। मुझे आज बहुत खुशी महसूस हो रही है कि आज मैंने अपने बाल कैंसर पीड़ितों के लिए दिया है। ज्योति ने लोगों से अपील की कि ऐसे नेक कार्यों में सहयोग करें। लोगों के मन में कैंसर के प्रति जो खौफ है उसे जागरूकता के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। वर्तमान ने ज्योति कालेज की छात्रा है, और नगर स्थित पोस्ट मेट्रिक छात्रावास अधीक्षिका कामिनी पटेल की बहन है। बता दें कि सुश्री शार्वा के मार्गदर्शन में अब तक 8 लोगों ने कैंसर पीड़ितों के लिए अपना बाल दान किया है।

### शासकीय विद्यालय सिर्री में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित



**गुण्डरदेही।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिर्री में ग्रामीण महेन्द्र यादव, हेमंत यादव, महेश यादव, मनोज यादव ने अपने पिता मनराखन यादव की स्मृति में नवनिर्मित मंदिर में माँ सरस्वती मूर्ति स्थापना की।

### प्राथमिक शाला हथौद में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित



**बालोद।** पंचमी के अवसर पर सोमवार को प्राथमिक शाला हथौद में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना की गई। उक्त कार्यक्रम में प्रधान पाठक, मनोज कुमार ठाकुर, किरण देवांगन, दुलेश खुश्र्याम, तिजाउ राम यादव सहित ग्रामवासी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### 11 अक्टूबर को गुण्डरदेही मंडल पहुंचेगा सदस्यता रथ

**गुण्डरदेही।** युवा मोर्चा मंडल गुण्डरदेही का सदस्यता रथ 11 अक्टूबर को खेरथा व अर्जुन्दा मंडल से गुण्डरदेही मंडल पहुंचेगा। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा ने बताया कि यात्रा शाम 4 बजे सिकोसा, 5 बजे कलंगपुर होते हुए शाम 6 बजे गुण्डरदेही पहुंचेगी, जहां समापन होगा।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

# भरदाखुर्द में पालक-शिक्षक बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लाक स्थित शासकीय प्राथमिक शाला भरदाखुर्द में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक महेन्द्र कुमार साहू ने पालकों को उनके बच्चों की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्हें त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम से अवगत कराते हुए उनकी प्रगति के संबंध में चर्चा की।

इसके तहत बच्चों की पढ़ाई के लिए घर में मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चे ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थियों के आयु, कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोज, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी पर चर्चा की। विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा के लिए पालकों एवं छात्रों को अवगत कराना, जिसमें दीक्षा एप, ई-जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी शामिल है, इसके अतिरिक्त विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक चर्चा की गई। प्रधान पाठक महेन्द्र कुमार साहू ने यह भी बताया कि बच्चों के शारीरिक-मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एवं पालकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना एवं बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करना तथा बच्चों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करना बेहद ही जरूरी है।

बैठक में पालकों के साथ ही ग्राम सरपंच राजकुमारी साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चन्द्रभान मेश्राम, उपाध्यक्ष हेमिन सेन, शिक्षाविद जितेन्द्र कुमार मेश्राम उपस्थित थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि: स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411